Doon Public School Bhuj

Worksheet

Class 5_Hindi_अनुच्छेद लेखक **दिनांक : 30/06/2020**

नोट :- निम्न कार्य (गृह कार्य सहित)अपनी नोट बुक स्कूल से वापस मिल जाने पर करें ।

अनुच्छेद लेखन

अनुच्छेद लिखना एक कला है। इसमें ~~किसी~~ किसी वाक्य, विचार, अनुभव या दृश्य को कम से कम शब्दों में व्यक्त करना होता है। अनुच्छेद लेखन हमारी सृजनात्मक क्षमता को अभिव्यक्त करता है।

-अनुच्छेद लिखते समय ध्यान रखने योग्य बातें-

1. अनुच्छेद 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए
2. वाक्य सरल, स्पष्ट व संक्षिप्त होने चाहिए
3. वाक्यों में क्रमबद्धता होनी चाहिए।
4. वाक्य गागर में सागर के समान होने चाहिए
5. वाक्य विषय से संबंधित होने चाहिए।

कोरोना वायरस

कोरोना जिसे कोविड-19 भी कहा जाता है एक ऐसी बीमारी है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने महामारी घोषित कर दिया है। इसका संक्रमण दुनिया भर में तेजी से फैल रहा है। इस संक्रमण से जुकाम से लेकर साँस लेने में तकलीफ जैसी समस्या होती है। इस वायरस का संक्रमण चीन के वुहान में शुरू हुआ था। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इसलिए इसे लेकर बहुत सावधानी बरती जानी चाहिए। कोरोना वायरस की अभी तक कोई दवाईयाँ उपलब्ध नहीं है। स्वयं की सुरक्षा ही इसका बचाव है। आप अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएँ। संतुलित व ताजा भोजन करें। हाथों को बार-बार साबुन से धोएँ। खाँसते और छींकते समय नाक और मुँह पर रूमाल रखें। मुँह पर मास्क लगा कर रखें। भीड़ वाली जगह पर न जाएँ। लोगों से दूरियाँ बना कर रखें। किसी चीज से डरना उस समस्या का हल नहीं होता है। अतः हमें चाहिए कि हम सरकार द्वारा दिए गए आदर्शों का पालन करें। अपने घरों में रहें।

गृहकार्य

* निम्न विषय पर अनुच्छेद लिखें।
लोक डाउन में घर पर बिताए दिन